# जिले के एक दर्जन गांवों में गिरे ओले, खड़ी फसल को नुकसान

## राजस्व दल के साथ एसडीएम ने लिया प्रभावित गांवों को जायजा, पीड़ा सुनाते हुए किसानों के निकले आसू

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर, 5 अप्रैल. जिले के करीब एक दर्जन गांवों में ओलावृष्टि हुई. इस ओलावृष्टि से बहादुरपुर तहसील एवं अशोकनगर तहसील का कचनार-राजपुर क्षेत्र सर्वाधिक प्रभावित हुआ है. ओलावृष्टि से पहले देर शाम को बादल गहरा गए थे. काफी देर तक बादल गरजे, बिजली कौंधती रही, इसके बाद तेज बौछारों के साथ पानी बरसने लगा. पानी के साथ ओले गिरे तो कई गांवों के किसान रो पड़े.**

जसैया निवासी राजभान सिंह यादव ने बताया कि गेंहू की फसल पूरी तरह से पककर तैयार है. हार्वेस्टर न मिलने के कारण काटने में देरी हो रही थी, इसी बीच ओलावृष्टि हो गई. इससे कहीं-कहीं तो 40 प्रतिशत तक नुकसान हो गया. गेंहू की बाली टूटकर जमीन पर आ गिरी, तेज हवाओं के चलने से फसल आड़ी होकर खेतों में बिछ गई. रविवार सुबह एसडीएम मुंगावली इसरार खान, राजस्व निरीक्षक रामकृष्ण अहिरवार, हल्का पटवारी सुरेष बैरागी जसैया गांव में पहुंचे थे. जहां उन्होंने खेतों में पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया.





### दमदमा-मोलाडैम में बिछ गई सफेद चादर

बहादुरपुर तहसील क्षेत्र के दमदमा और मोलाडैम गांवों में ओलावृष्टि से सफेद सी चादर जमीन पर बिछ गई. दमदमा के किसान संतोस गुर्जर ने बताया कि अधिकांश फसलें काटी जा चुकी हैं लेकिन जिन फसलों की बोवनी देरी से हुई थी, उन खेतों में अभी भी गेंहू खड़ा है. ओलों के बरसने से इन खेतों में ही सर्वाधिक नुकसान हुआ है. बताया गया है इस क्षेत्र के टीटौर, जसैया, बांसखेड़ी, फुटेरा, जमुनिया, दमदमा, मोलाडैम, गोरा, गदूली, कुम्हर्रा, खोपरा, सोपरा, बर्री गांवों में ओलावृष्टि हुई है.

**खेतों में बिछ गई सोने जैसी फसल:** बर्री के किसान जगन्नाथ ओझा ने बताया कि फसल कटाई के लिए पूरी तरह तैयार थी, लेकिन इस बेमौसम मार ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया. ओलावृष्टि से फसलों के दाने झड़ गए हैं और गुणवत्ता भी प्रभावित हुई है, जिससे क्षेत्र के किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है. बेर के आकार के गिरे ओलों ने खेतों में खड़ी और कटकर रखी हुई फसलों को जमीन पर बिछा दिया है.

### शहर में ठंडक, पर दो दिन अभी और भारी

जिला मुख्यालय पर भी देर रात तक रुक-रुक कर मध्यम बारिश होती रही, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है. रविवार सुबह हालांकि धूप खिलने से थोड़ी राहत मिली, लेकिन मौसम विभाग की चेतावनी ने धुकधुकी बढ़ा दी है. मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि अगले 48 घंटों तक जिले में बादल छाए रहने और गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना है. रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री रहा.

### इनका कहना है

हमने आज ओलावृष्टि से प्रभावित सभी गांवों में नुकसान का प्रारंभिक आंकलन किया है. जिसमें 6-7 गांवों में गेंहू की फसल आंशिक तौर पर प्रभावित हुई है. एक-दो दिन में पटवारियों द्वारा रिपोर्ट मिलने के बाद आगामी तैयारी की जाएगी.

**अंजनि कुमार चौधरी,**
प्रभारी तहसीलदार, बहादुरपुर

### प्रशासन से मुआवजे की आस

फसलों की बर्बादी देख किसान अब सरकार और प्रशासन की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं. प्रभावित गांवों के किसानों ने मांग की है कि जल्द से जल्द सर्वे कराकर उचित मुआवजे की राशि प्रदान की जाए, ताकि उन्हें इस संकट की घड़ी में कुछ सहारा मिल सके. दूसरी ओर प्रशासन की ओर से पटवारियों ने भी रविवार सुबह ही कई गांवों में पहुंचकर नुकसान का प्रारंभिक आंकलन किया है.



# फेसबुक पर दोस्ती कर किया दुष्कर्म, जवान गिरफ्तार

- अविवाहित बताकर युवती को फंसाया
- पुलिस ने अमरावती के वरूड़ क्षेत्र से किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

बैतूल, 5 अप्रैल. कोतवाली पुलिस ने सोशल मीडिया पर दोस्ती कर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले एक आर्मी जवान को महाराष्ट्र के अमरावती जिले से गिरफ्तार किया है.

आरोपी संदीप धुर्वे पिछले एक साल से पुलिस को चकमा दे रहा था. उसने फेसबुक के जरिए महिला से दोस्ती की थी और खुद को अविवाहित बताकर संबंध बनाए. जिससे पीड़िता का एक बेटा भी है. पुलिस ने मुखबिर और साइबर सेल की मदद से आरोपी को अमरावती जिले के वरुड़ क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है और उसे बैतूल लाकर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है. पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने पिछले साल 22 अप्रैल को अपने 3 वर्षीय पुत्र के साथ कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी. पीड़िता ने बताया कि वर्ष 2021 में उसकी फेसबुक पर संदीप धुर्वे से पहचान हुई थी. संदीप ने खुद को अविवाहित बताकर उससे प्रेम संबंध बनाए और शादी का वादा किया. पीड़िता के गर्भवती होने पर आरोपी उसे महाराष्ट्र के परतवाड़ा और बाद में उत्तर प्रदेश के मेरठ में किराए के मकान में रखता रहा. वहीं पीड़िता की डिलीवरी भी कराई गई. जब पीड़िता ने शादी के लिए दबाव बनाया, तो आरोपी ने शादी से साफ इनकार कर दिया.

### तबादला करवाकर दे रहा था चकमा

पुलिस के मुताबिक, आरोपी को अपने खिलाफ मामला दर्ज होने की जानकारी मिल गई थी. इसके बाद उसका तबादला मेरठ से मणिपुर के लीमाकोंग और फिर नागालैंड के जखामा पोस्ट पर हो गया. वह करीब एक साल तक छुट्टी पर घर नहीं आया और पुलिस को चकमा देता रहा. इसी बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी ट्रेन से अपने घर परतवाड़ा आ रहा है. आरोपी ने पुलिस को भ्रमित करने के लिए बस से आने की गलत जानकारी भी दी थी. कोतवाली पुलिस की विशेष टीम ने अमरावती जिले के वरुड़ क्षेत्र के पास दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया.

# लापरवाह सचिवों का निलंबन

नवभारत न्यूज

**रहली 5 अप्रैल. जनपद पंचायत अंतर्गत पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करने वाले दो ग्राम पंचायत सचिवों पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है.**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी के प्रतिवेदन के आधार पर जिपं सीईओ ने ग्राम पंचायत कंदला के सचिव राकेश शुक्ला और ग्राम पंचायत जरिया खिरिया के सचिव महादेव पटैल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है. सचिव राकेश शुक्ला एवं महादेव पटैल के कृत्य को घोर कदाचार की श्रेणी में मानते हुए यह कार्रवाई की गई है. निलंबन अवधि के दौरान सचिव राकेश शुक्ला एवं महादेव पटैल का मुख्यालय जपं रहली निर्धारित किया गया है.

# बिजली गिरने से मौत

**सागर.** केसली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भुसौरा मे खेत पर काम कर रहे एक ही परिवार के पांच सदस्य आकाशीय बिजली की चपेट मे आ गए, जिसमे एक युवक की मौत हो गई और चार अन्य सदस्य झुलस गए. जिनको सागर रैफर किया गया है. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार भुसौरा ग्राम मे खेत पर काम कर रहे भीकम कुर्मी के परिवार आकाशीय बिजली की चपेट मे आ गए, जिसमे भीकम की मौके पर ही मौत हो गई.

# दो स्कूलों के बीचों-बीच बांटे जा रहे गैस सिलेंडर

नवभारत न्यूज

**पलेरा, 5 अप्रैल. क्या प्रशासन किसी बड़े धमाके का इंतजार कर रहा है क्योकि मां गायत्री इंडियन गैस एजेंसी के संचालक की मनमानी और लापरवाही ने आज पूरे रिहायशी इलाके और दो स्कूलों के भविष्य को बारूद के ढेर पर लाकर खड़ा कर दिया है.**

जहां कानून की धज्जियां उड़ाते हुए दो स्कूलों के ठीक बीच और घनी बस्ती में सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है.



सैंकड़ों मासूम बच्चे यहाँ पढ़ाई करते हैं, और उनके चंद कदमों की दूरी पर ज्वलनशील गैस के सिलेंडरों का जखीरा लगा है. अगर एक भी सिलेंडर लीक हुआ या छोटी सी चिंगारी भी उठी, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा एजेंसी संचालक की दबंगई नागरिकों की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रही है. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि गैस एजेंसी संचालक अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं. रिहायशी इलाके में सिलेंडरों की लोडिंग-अनलोडिंग से अनहोनी का डर बना रहता है.

# शॉर्ट सर्किट से एक बीघा की फसल जल कर राख

**जीरापुर.** समीपवर्ती ग्राम धतरावदा में एक खेत में भीषण आग लग गई. देखते ही देखते खेत में रखी फसल नष्ट हो गई. यह आग 33 केवी विद्युत लाईन में हुए शॉर्ट सर्किट के कारण लगी, जिससे करीब एक बीघा में कटी पड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई. स्थानीय लोगों ने बताया कि धतरावदा निवासी गिरधारीलाल गुर्जर के खेत में कटी हुई गेहूं की फसल रखी थी. पास ही करण सिंह गुर्जर के खेत में रखा गेहूं का भूसे और करीब 20 पाईप छड़ी 33 केवी विद्युत लाइन में शॉर्ट सर्किट होने से निकली चिंगारी के कारण फसल को अपनी चपेट में ले लिया. आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में फसल जल कर नष्ट हो गई.

# अब बनेगी किसानों की सरकार : पटवारी

- कांग्रेस किसानों के हित के लिए पूरी ताकत से लड़ेगी

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा 05 अप्रैल . मध्यप्रदेश के सिवनी मालवा दौरे पर पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह पटवारी ( जीतू पटवारी ) ने बड़ा राजनीतिक बयान देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में बदलाव होगा अब किसानों की सरकार बनेगी.**

उन्होंने किसानों के मुद्दों को लेकर प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए 9 अप्रैल को देशभर में कलेक्टर कार्यालयों के घेराव का ऐलान किया. पटवारी के इस बयान के बाद प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज हो गई है. सिवनी मालवा में उनका दौरा देर रात करीब 1 बजे हुआ, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया. पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी अजय सिंह पटेल के निवास पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित हुए और नारेबाजी के साथ उनका अभिनंदन किया. देर रात तक चली इस बैठक में कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक था. कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जितेन्द्र सिंह पटवारी ने संगठन की एकजुटता पर विशेष जोर दिया.



उन्होंने कहा कि पिछली चुनावी कमियों को भुलाकर कांग्रेस को मजबूती के साथ आगे बढ़ाना होगा. उन्होंने कार्यकर्ताओं से जमीनी स्तर पर सक्रिय होकर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया, ताकि आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन किया जा सके. मीडिया से चर्चा के दौरान पटवारी ने प्रदेश की मोहन यादव सरकार पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है और सरकार उनकी समस्याओं के समाधान में पूरी तरह विफल रही है.

# कटौती से त्रस्त नागरिकों ने किया चक्काजाम

- दिन में अनेक बार बिजली कटौती से लोग आक्रोशित
- सीएसपी व विद्युत कंपनी के अधिकारियों ने दिया आश्वासन

नवभारत न्यूज

**सीहोर 5 अप्रैल. शहर के मंडी क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से परेशान नागरिकों का आक्रोश आखिरकार रविवार शाम सड़कों पर उतर आया. कई दिनों से दिन-रात बार-बार हो रही बिजली कटौती से तंग आ चुके लोगों ने माता मंदिर चौराहे पर चक्काजाम कर दिया.**

इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं.



विद्युत वितरण कंपनी की अनियमित कार्यप्रणाली ने शहर भर के नागरिकों को परेशान कर रखा है. दिन में कई बार विभिन्न क्षेत्रों में बिजली की आवाजाही से लोग परेशान हैं. हाल ही में आए आंधी तूफान के बाद संपूर्ण शहर कई घंटे तक अंधेरे में डूबा रहा था. इसके बाद भी बिजली की आवाजाही जारी है. इसी तरह मंडी क्षेत्र के रहवासी पिछले कई दिनों से अघोषित बिजली कटौती की समस्या से जूझ रहे हैं. गर्मी के बढ़ते प्रकोप के बीच बार-बार बिजली गुल होने से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है.



# रहवासी क्षेत्रों में खतरा बन रहे जर्जर भवन

- नपा दे चुकी है जर्जर भवन खाली करने का नोटिस
- तेज आंधी और बारिश में बनेंगे आफत

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 05 अप्रैल, का. प्रशासन द्वारा ऐसे कई शासकीय भवन जो काफी जर्जर होकर किसी भी दुर्घटना को अंजाम दे सकते है ऐसे भवनों को खाली तो करा लिया गया किंतु कई जर्जर भवन रहवासी क्षेत्र में मौजूद है. तेज बारिश, आंधी में इन भवनों के गिरने का डर बना रहता है, रहवासी क्षेत्र के बीच भवनों के होने से कोई न कोई अनहोनी का भी भय बना रहता है.**

उल्लेखनीय है कि नगर सहित जिले भर में दर्जनों की संख्या में शासकीय स्कूल, विभागों, कार्यालयों एवं संस्थाओं के भवन काफी पुराने होकर जीर्णशीर्ण अवस्था में है. अधिकतर भवनों को सुरक्षा की दृष्टि से खाली कर दिया गया तो कुछ जगह मजबूरी में जर्जर भवनों में ही संचालन हो रहा है. इन सबके बीच अनेक ऐसे जर्जर भवन घने रहवासी क्षेत्र के बीच में है जिनको खाली तो कर दिया गया परन्तु डिस्मेंटल नहीं किया गया. ये भवन अभी खतरा बने हुए है. स्थानीय इंदिरा नगर में स्थित पुराना आईटीआई भवन बहुत ही बदहाल अवस्था में होकर ढहने लगा है. दीवारे, छत तहस-नहस हो गया है. भवन को देखकर ही इसकी जीर्णशीर्ण अवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है.

### पूर्व में हो चुका है हादसा

नगर में जर्जर भवन गिरने के कारण पूर्व में हादसा हो गया था जिसमें दो लोगों का प्राणांत हो गया था. इस हादसे के बाद भी जर्जर भवनों को लेकर किसी तरह की कोई गंभीरता नहीं देखी जा रही है. मानों किसी अनहोनी का इंतजार हो रहा है.

# एसपी साहिबा ! गुना में फिर हो गई चोरी

- 24 घंटे में दूसरी बड़ी वारदात, सीसीटीवी में दिखी चोरों की टोली

नवभारत न्यूज

**गुना 5 अप्रैल. जिले की नवागत एसपी हितिका वासल ने पदभार संभालते पदभार संभालते ही अपराध नियंत्रण और बदमाशों की धरपकड़ के सख्त निर्देश दिए थे. हालांकि एसपी को पदस्थी के बाद ही हनुमान जन्मोत्सव जैसे बड़े आयोजन को सफल बनाने की जिम्मेदारी मिल गई. लेकिन इसके तुरंत बाद ही बदमाशों ने पुलिस को चुनौती पेश करना शुरु कर दिया है.**



गुना जिले में बीते 24 घंटों के दरमियान बदमाशों ने चोरी की कई बड़ी वारदातों को अंजाम दिया है. भगत सिंह कॉलोनी के बाद बदमाशों ने बीती रात कैंट क्षेत्र में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है. जाहिर है जिन परिवारों के घरों से बदमाश उनके जीवनभर की कमाई लेकर रफूचक्कर हुए हैं, वह पीड़ित अब एसपी हितिका वासल की ओर उम्मीद भरी निगाह देख रहे हैं. उन्हें पूर्ण विश्वास है कि नवागत शहर के नागरिकों की नींद हराम कर रहे बदमाशों की न केवल धरपकड़ करवाएंगी, बल्कि उनके घर से चोरी हुए आभूषण, नकदी और गृहस्थी का सामान भी वापस मिल सकेगा. दरअसल, शहर में बदमाशों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि उन्होंने लगातार दूसरे दिन पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती दी है.

भगत सिंह कॉलोनी में आधा दर्जन घरों को निशाना बनाने के अगले ही दिन चोरों ने शहर के दूसरे छोर पर स्थित कैंट क्षेत्र की नीलकंठ कॉलोनी खैजरा रोड में बड़ी वारदात को अंजाम दिया. यहां बदमाशों ने दो घरों में धावा बोला, जिसमें से एक घर से करीब 3 लाख रुपये का माल समेट ले गए.

# ऑपरेशन चक्रव्यूह 656 वारंट तामील

**राजगढ़.** जिले भर में 04 और 05 अप्रैल को विशेष वारंट तामिली अभियान ऑपरेशन चक्रव्यूह संचालित किया गया. अभियान का उद्देश्य न्यायालय द्वारा जारी स्थाई वारंट एवं गिरफ्तारी/वसूली वारंटों की तामिली सुनिश्चित करते हुए फरार आरोपियों की धरपकड़ करना रहा. अभियान के दौरान जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा सुनियोजित रणनीति के तहत सघन दबिश, मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी संसाधनों का प्रभावी उपयोग किया गया. चारों ओर से घेराबंदी करते हुए वारंटियों को पकड़ने की कार्रवाई की गई, जिससे अभियान को उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई. अभियान में 232 स्थाई वारंट, 424 गिरफ्तारी/वसूली वारंट तामील कराए गए.

# खाद वितरण में लापरवाही, कृषि विकास अधिकारी निलंबित

- 2 कैडर प्रबंधक को भी किया निलंबित
- पीओएस मशीन के माध्यम से किया खाद का विक्रय

**बैतूल, 5 अप्रैल. प्रदेश में उर्वरक वितरण को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन द्वारा ई-विकास पोर्टल के माध्यम से ई-टोकन प्रणाली लागू की गई है. शासन के निर्देशानुसार 1 अप्रैल 2026 से बिना ई-टोकन के उर्वरक विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध प्रभावी किया गया है.**

इसके बावजूद विकासखंड आमला में 7 खुदरा विक्रेताओं एवं 3 सहकारी समितियों द्वारा 42.805 मीट्रिक टन उर्वरक का विक्रय पीओएस मशीन के माध्यम से किया जाना सामने आया है. यह स्थिति उर्वरक वितरण व्यवस्था में निगरानी की गंभीर कमी और लापरवाही को दर्शाती है. प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने उप संचालक कृषि के प्रतिवेदन के आधार पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आमला गोपाल साहू को निलंबित कर दिया है.

सम्मेलन | राजस्थान के झालावाड़, शाजापुर, सीहोर, आगर, इंदौर से पहुंचे समाजबंधु

# 58 जोड़ों का निकाह हुआ, फिजूलखर्ची से दूर रहने की नसीहत

नवभारत न्यूज

**पड़ाना 05 अप्रैल. सं. अजमेरी मंसूरी समाज का रविवार को सामूहिक विवाह सम्मेलन मऊ पड़ाना सड़क मार्ग के समीप जंगल में आयोजित हुआ अजमेरी मंसूरी समाज कमेटी मऊ के द्वारा सामूहिक सम्मेलन का आयोजन किया गया.**



आयोजित सम्मेलन के दौरान दो जोड़े बोने कद के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे तथा इन जोड़ों को देखने के लिए सबसे ज्यादा भीड़ इनके पंडालों में देखने को मिली जिसमें सगे दो भाई बोने कद के दूल्हा साजिद पिता सलीम खां अंसारी माजिद पिता सलीम खां अंसारी निवासी चाकरोद जिला शाजापुर तथा दो बोने कद की सगी बहनें अंजू बी पिता मोहम्मद खां मंसूरी एवं रानू भी पिता मोहम्मद खां मंसूरी निवासी दुपाड़ा शाजापुर इस विवाह निकाह सम्मेलन में यह दो जोड़े मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे.

विवाह सम्मेलन के सदर मुबारक मंसूरी ने बताया कि सम्मेलन में 58 जोड़ों ने निकाह कुबूल किया निकाह के दौरान मौलाना इमरान फलाई सहित अन्य मौलानाओं ने नवी व्हाइट जोड़ों को संबोधित किया.इस सम्मेलन के दौरान निकाह करने वाले जोड़ों को गृहस्थी का पूरा सामान समिति के द्वारा दिया गया दोपहर 2 बजे कलमा पढ़ाकर विधिवत रूप से निकाह मुफ्ती मौलाना इमरान फलाई मौलाना मुस्तकीम हाफिज अखलाक हाफिज इखलास उपस्थिति में सामूहिक निकाह करवाया गया इस दौरान हजारों लोगों के सामूहिक भोजन का आयोजन भी किया गया निकाह क बाद शाम 4 बजे विधिवत रूप से सभी जोड़ों को विदाई दी गई विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष मुबारिक मंसूरी फिरोज मंसूरी ठेकेदार खजांची एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शरीफ मंसूरी ने इस सम्मेलन के अवसर पर कहा कि समाज के द्वारा शिक्षा पर जोर के साथ होने वाले विवाह के दौरान फिजूल खर्च रोकने के लिए समाज के समाजसेवी लोगों द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन गांव मऊ में पड़ाना रोड पर आयोजित किया गया.